पत्रांक–1 / ब0 1–06 / 2025– 233 /

बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

प्रेषक,

महमूद आलम,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सहायक संग्रहालयाध्यक्ष,
जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना।

पटना दिनांक 13/2/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में निधि का आवंटन।

महाशय,

स्वीकृत्यादेश संख्या 552 दिनांक 12.11.2025 के आलोक में गोलघर पटना के उद्यान एवं परिसर की साफ–सफाई तथा रख–रखाव हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत कुल 07 (सात) श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान के लिए माह दिसम्बर, 2024 से माह मई 2025 (छः माह) तक तथा 03 (तीन) कार्यरत श्रमिकों के माह जून, 2025 से फरवरी, 2026 (नौ माह) तक के लिए पारिश्रमिक भुगतान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–08 के अधीन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट शीर्ष '2205–कला एवं संस्कृति–103– पुरातत्व विज्ञान–0001–पुरातत्व निदेशालय,' विपत्र कोड 08–2205001030001, के अन्तर्गत विषय शीर्ष 1301–कार्यालय व्यय में तत्काल कुल राशि ₹ 7,00,000/–(सात लाख रूपये) मात्र का आवंटन आपके निस्ताराधीन व्यय के लिए सौंपा जाता है।

2 यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि0 (2) दिनांक 17.04.98 एवं 227/वि0, दि0 28.03.2025 एवं 235 दिनांक 01.04.2025 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अधिसीमा 100 प्रतिशत के अन्तर्गत दिया जा रहा है।

3 राशि की निकासी सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना से मास्टर रोल (BTC फॉर्म–32) के आधार पर की जायेगी तथा गोलघर परिसर में वास्तविक रूप से किये गये कार्य के सत्यापन के पश्चात मास्टर रोल के अधार पर नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

4 वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–12888 दि0 03.12.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में राशि की स्वीकृति दी गई है।

5 प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

6 उक्त आवंटन की व्यय विवरणी शीघ्र भेजे। ।

विश्वासभाजन,

13/02/26

(महमूद आलम)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 233 /

पटना, दिनांक 13/02/2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 233 /

पटना, दिनांक 13/2/2026

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, पुरातत्व निदेशालय/मेकर बजट शाखा/आई0 टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।